# तेरा ही लाल हूँ मैं कुछ तो माँ ख़याल करो भजन लिरिक्स

तेरा ही लाल हूँ मैं,
कुछ तो माँ ख़याल करो,
बिठा गोद में मुझको भी,
थोड़ा प्यार करो,
तेरा ही लाल हूं मै,
कुछ तो माँ ख़याल करो।bd।

तर्ज – ना मूंह छुपा के जियो।

---

तुम्हारे प्यार का,
प्यासा ये दिल हमारा है,
मेरी इस नाव का,
तू ही तो माँ किनारा है,
पुकारूं मैं तुझे,
पुकारूं मैं तुझे,
मेरा भी बेड़ा पार करो,
तेरा ही लाल हूं मै,
कुछ तो माँ ख़याल करो।bd।

---

हजारो दोष है जिनका,
कोई हिसाब नहीं,
बिखरता पन्ना हूँ मैं तो,
कोई किताब नहीं,
मुझे समेत कर,
मुझे समेत कर,
मैया मेरा उद्धार करो,
तेरा ही लाल हूं मै,
कुछ तो माँ ख़याल करो।bd।

---

जहान से तोड़कर रिश्ता,
माँ तुमसे जोड़ लिया,
तू ही बता तूने मुझको,
भला क्यों छोड़ दिया,
तुम अपने प्यार की,
तुम अपने प्यार की,
मुझ पर भी फुहार करो,
तेरा ही लाल हूं मै,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

कुछ तो माँ ख़याल करो।bd।

तेरा ही लाल हूँ मैं,
कुछ तो माँ ख़याल करो,
बिठा गोद में मुझको भी,
थोड़ा प्यार करो,
तेरा ही लाल हूं मै,
कुछ तो माँ ख़याल करो।bd।

**Singer – Ujjwal Khakoliya**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com